प्रेषक,

शुभम चौधरी,
अपर सिविल जज जू0डि0/,
कोर्ट सं0–04, फिरोजाबाद।

सेवा में,

महा निबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद उ0प्र0।

द्वारा

श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
फिरोजाबाद।

विषयः—**शासनादेश संख्या 1363/दो–4–2009–45(12)/91 टी सी दिनांक 13 मई 2009 के अन्तर्गत विधि में स्नातकोत्तर उपाधिधारक होने पर उ0प्र0 राज्य न्यायिक सेवा में चयन होने पर 3 अग्रिम वेतन वृद्धियां स्वीकृति कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सन्दर्भ में सादर निवेदन है कि मेरा माननीय उच्च न्यायालय की **अधिसूचना संख्या 4219/एडमिन. (एस)/2019 दिनांक 13 दिसम्बर, 2019** के अनुसार उ0प्र0 राज्य न्यायिक सेवा में अपर सिविल जज जू0डि0, कोर्ट सं0–04, फिरोजाबाद के पद पर चयन हुआ है। उक्त पद पर दिनांक 16.12.2019 को पूर्वान्ह में कार्यभार ग्रहण कर लिया गया था।

उ0प्र0 राज्य न्यायिक सेवा में न्यायिक पद पर चयन के दिनांक को मेरी शैक्षिक योग्यता **B.A.LLB** तथा विधि में **LLM** की उपाधिधारक था, जिसके आधार पर शासनदेश संख्या 1363/दो–4–2009–45(12)/91 टी सी दिनांक 13 मई 2009 के अन्तर्गत मैं कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक 16.12.2019 से तीन अग्रिम वेतन वृद्धियां प्राप्त करने की पात्रता रखता हूँ। विधि में **LLM** उपाधिधारक की पुष्टि के लिये उपाधि की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न है।

अतः आपसे अनुरोध है कि माननीय न्यायालय से मुझे **LLM** उपाधि के सापेक्ष उपरोक्त संदर्भित शासनादेश के अन्तर्गत **कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक 16.12.2019 से तीन अग्रिम वेतन वृद्धियां** स्वीकृत कराने की कृपा करें।

सादर।

संलग्नकः— 1. विधि में LL M उपाधि की प्रमाणित छायाप्रति।
2. विधि में LL M के ग्रेड कार्ड की प्रमाणित छायाप्राते।
3. कार्यभार ग्रहण प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

दिनांक 31 –10–2020

भवदीय,
Shubham
(शुभम चौधरी)
अपर सिविल जज, जू0 डि0,
कोर्ट सं0–4, फिरोजाबाद।

Firozabad Judgeship
No.-2649/XV-2020
Date 31/10/2020
Forwarded.

District Judge
Firozabad
31-10-2020

Scanned with CamScanner